### आप के सात विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए का दिया गया ऑफर : सीएम

# भाजपा आप विधायकों को खरीदकर गिराना चाहती है दिल्ली सरकार : अरविंद केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली में उसकी सरकार को गिराने के लिए उसके सात विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए देने की पेशकश की है। आप ने दावा किया कि पार्टी के एक विधायक से संपर्क करने वाले व्यक्ति की रिकॉर्डिंग उपलब्ध है और जिसे बाद में जारी किया जाएगा। आप के राष्ट्रीय संयोजक और सीएम अरविंद केजरीवाल ने शनिवार सुबह ट्वीट कर भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने एक्स पर कहा कि पिछले दिनों इन्होंने हमारे दिल्ली के 7 विधायकों को संपर्क कर कहा है कि कुछ दिन बाद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उसके बाद विधायकें को तोड़ेंगे। 21 विधायकों से बात हो गयी है। औरों से भी बात कर रहे हैं। उसके बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार गिरा देंगे। आप भी आ जाओ। 25 करोड़ रुपये देंगे और भाजपा के टिकट से चुनाव लड़वा देंगे। हालांकि उनका दावा है कि उन्होंने 21 विधायकों से संपर्क किया है लेकिन हमारी जानकारी के मुताबिक उन्होंने अभी तक 7 विधायकों को ही संपर्क किया है और सबने मना कर दिया। इसका मतलब किसी शराब घोटाले की जांच के लिए मुझे गिरफ्तार नहीं किया जा रहा बल्कि दिल्ली में आप की सरकार गिराने के लिए षड्यंत्र कर रहे हैं। पिछले नौ सालों में हमारी सरकार गिराने के लिए इन्होंने कई षड्यंत्र किए। लेकिन इन्हें कोई सफलता नहीं मिली। भगवान ने और जनता ने हमेशा हमारा साथ दिया। हमारे सभी विधायक भी मजबूती से साथ हैं। इस बार भी ये लोग अपने नापाक इरादों में फेल होंगे। ये लोग जानते हैं कि दिल्ली की जनता के लिए हमारी सरकार ने कितने काम किए हैं। इनकी पैदा की गयी तमाम अड़चनों के बावजूद हमने इतने काम किए हैं। दिल्ली की जनता 'आप' से बेइंतहा प्यार करती है। इसलिए चुनावों में 'आप' को हराना इनके बस की बात नहीं। तो एक फर्जी शराब घोटाले के बहाने गिरफ्तार करके सरकार गिराना चाहते हैं।

आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने शनिवार को प्रैसवार्ता कर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जैसे रामायण में रावण ने माता सीता का अपहरण करने के लिए दूसरा रूप धारण किया था, वैसे ही आज भाजपा ईडी का रूप धारण कर फर्जी शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर दिल्ली में आप की सरकार गिराना चाहती है। छल से दिल्ली की सत्ता कब्जाने के लिए भाजपा ने हमारे सात विधायकों से संपर्क किया है और उनको अपनी पार्टी में शामिल होने के लिए 25-25 करोड़ रुपए का ऑफर दिया है, लेकिन हमारे सभी विधायकों ने उसके ऑफर को ठुकरा दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2023 और 2022 में भी हमारे विधायकों को खरीदने की असफल कोशिश की थी और इस बार भी असफल रहेगी। क्योंकि भगवान और दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल के साथ हैं। भाजपा ने अगर आप की सरकार गिराने की कोशिश की तो इसका जवाब उसे लोकसभा चुनाव में मिलेगा।

### भाजपा शराब घोटाले के झूठे आरोप में फंसा कर केजरीवाल को कराना चाहती है गिरफ्तार: आतिशी

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री आतिशी ने प्रेसवार्ता कर ऑपरेशन लोटस को लेकर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी की चुनी हुई सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है। आतिशी ने कहा कि इस बार भाजपा ने ऑपरेशन लोटस 2.4 चालू किया है। जिसमें उनका इरादा तथाकथित शराब घोटाले के झूठे आरोप में केजरीवाल को गिरफ्तार कराना और आप विधायकों को खरीदकर दिल्ली में भाजपा सरकार बनाना है। उन्होंने कहा कि अगर दिल्ली की चुनी हुई सरकार को गिराने के लिए अरविंद केजरीवाल को जेल में डाला तो दिल्ली की जनता आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका मुंहतोड़ जबाब देगी। अगर अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया तो भाजपा के पास दिल्ली में अभी 7 लोकसभा सीटें है, वो लोकसभा चुनाव में जीरो पर सिमट जाएगी।






### अपने बयान का सबूत पेश करें या इस्तीफा दें केजरीवाल : बिधूड़ी

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल के बयान पर भाजपा ने उन्हें चुनौती दी है कि वह अपने बयान का सबूत पेश करें या अपने पद से इस्तीफा दें। शनिवार को प्रैसवार्ता में दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा को बदनाम करने के लिए झूठा आरोप लगाया है। वह अपने इस बयान का प्रमाण दें नहीं तो मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मामले में कानूनी कार्रवाई के लिए विशेषज्ञों से सलाह कर रही है। बिधूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) इस तरह के बेहूदा और घटिया आरोप लगभग एक दर्जन बार लगा चुकी है लेकिन आज तक कोई सबूत पेश नहीं किया जा सका। इस बार भी यह बेबुनियाद आरोप लगाया गया है। बिधूड़ी ने कहा कि इस आरोप की टाइमिंग देख ली जाए तभी पता चल जाएगा कि यह आरोप मनगढ़ंत और बेबुनियाद है। सभी को पता है कि अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले के मुखिया के रूप में कुख्यात हो चुके हैं। ईडी उन्हें पूछताछ के लिए बार-बार समन कर रही है लेकिन वह पेश नहीं हो रहे। बिधूड़ी ने कहा कि एक तरफ अयोध्या में मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता बुलंदियों को छू रही है और भाजपा इस बार 400 के पार नारे को सच साबित करने जा रही है तो दूसरी तरफ केजरीवाल का विपक्ष का बड़ा नेता बनने का अपना सपना टूटता दिखाई दे रहा है। पूरा विपक्ष एक बार फिर बिखर रहा है तो ऐसे में वह बौखलाकर भाजपा पर विधायक खरीदने का मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल और उनके झूठे साथियों को सिर्फ आरोप लगाने की आदत है। वे ऐसे आरोप लगाकर पहले भी माफी मांग चुके हैं लेकिन अपनी आदत से बाज नहीं आते। भाजपा 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में अपने दम पर जीतेगी और आप को हार का मुंह देखना पड़ेगा।

### मुख्यमंत्री का बयान दर्शाता है उनकी राजनीति हताशा को : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का बयान उनकी राजनीति हताशा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का बयान कि भाजपा उनके विधायकों को तोड़ना चाहती है उनकी मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है कि आज 62 विधायकों की पार्टी को कितनी निराशा है। आज जनता भी देख रही है कि केजरीवाल के गठबंधन की जरूरत पड़ रही है और इनकी जमीन खिसक चुकी है इसलिए केजरीवाल इस तरह के बेतुके बयान दे रहे हैं ताकि वे राजनीतिक रूप से जिंदा रह सके। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता जान चुकी है कि केजरीवाल सिर्फ दिल्ली की जनता को लूटने आए हैं और इसके अलावा कुछ नहीं कर सकते।

## गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में बवाना गांव ने रचा एक नया इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के गांव बवाना में गणतंत्र दिवस को यादगार बनाते हुए एक नया इतिहास रचा गया। बवाना और आसपास के गांवों के हजारों लोगों ने 251 फीट लंबा तिरंगा झंडा लेकर बवाना गांव की गलियों से वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए लोगों में एक नया जोश पैदा कर दिया। तिरंगे की शान में निकाली गई शोभा यात्रा में गांव बवाना के निगम पार्षद पवन सहरावत, पूर्व निगम पार्षद ब्रह्म प्रकाश, सामाजिक कार्यकर्ता सतीश नम्बरदार, शेखर सहरावत, संजय सहरावत (नान्हा) और उनके साथ सैकड़ों युवा भी मौजूद थे। शिक्षा विभाग से रिटायर्ड अधिकारी कप्तान सिंह रंगा ने कहा कि बवाना एक ऐतिहासिक गांव है जिसने सदैव ही हर क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा है। इस गांव की मिट्टी में देशभक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है। जिधर से भी यह तिरंगा यात्रा निकलती थी लोग घरों से पुष्प वर्षा कर रहे थे क्योंकि उन्होंने ऐसा नजारा कभी नहीं देखा था।

### मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत 88वीं ट्रेन रामेश्वरम के लिए रवाना

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत शनिवार को 780 बुजुर्गों को लेकर 88 वीं ट्रेन दिल्ली से रामेश्वरम के लिए रवाना हुई। यात्रा से पूर्व सभी तीर्थयात्रियों के लिए त्यागराज स्टेडियम में भजन संध्या का आयोजन किया गया। राजस्व मंत्री आतिशी ने यहां पहुंचकर तीर्थ-यात्रियों से मुलाकात की और उन्हें यात्रा टिकट व किट सौंपा। इस मौके पर राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि मैं दिल्ली के सभी बुजुर्गों की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करना चाहती हूंजो दिल्ली के सभी बुजुर्गों को अपने माता-पिता की तरह मानते है और बेटे की भूमिका निभाते हुए दिल्ली के बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवा रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बुजुर्गों के लिए श्रवण कुमार की भूमिका में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, अब तक दिल्ली से 87 ट्रेनों के माध्यम से 83 हजार से अधिक बुजुर्गों को तीर्थ-यात्रा पर भेजा है और उनका वादा है कि चाहे कितनी भी बाधाएं आ जाये लेकिन वो बुजुर्गों के लिए तीर्थ-यात्रा का सिलसिला रुकने नहीं देंगे और दिल्ली के हर बुजुर्ग की तीर्थ यात्रा करवाएंगे। आतिशी ने कहा कि मुझे इस बात की ख़ुशी है कि पिछली कई बार से तीर्थ-यात्रा पर जाने वाले बुजुर्गों में 80 प्रतिशत से अधिक महिलाएँ होती है। ये बेहद अच्छी बात है क्योंकि हमारे समाज में एक महिला अपनी पूरी ज़िंदगी अपने परिवार की सेवा में लगा देती है। और अक्सर महिलाएं खुद को पीछे रखकर अपने परिवार को आगे रखती है। ऐसे में हमारे लिये ये बेहद ख़ुशी कई बात है कि जिन माताओं ने अपना पूरा जीवन अपने परिवार की सेवा में लगा दिया हम ज़िंदगी के इस पड़ाव पर उन्हें तीर्थ-यात्रा पर भेज रहे हैं।



### भाजपा के अमृत काल में देश का आर्थिक मॉडल खस्ताहाल : कांग्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा है कि भाजपा के अमृत काल में देश का आर्थिक मॉडल बुरी तरह खस्ताहाल में पहुंच गया है। ऐसे में मतदाताओं को अब केवल लोकसभा चुनावों का इंतजार है। उन्होंने कहा कि भाजपा की निरंकुश सरकार की गलत नीतियों के कारण न केवल योजनाबद्ध तरीके से देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद किया है बल्कि देश पर विदेशी कर्जा तीन गुना बढ़ा दिया। लवली शनिवार को पश्चिम दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली लोकसभा में आयोजित बैठकों को सम्बोधित कर रहे थे। यह बैठकें आगामी 3 फरवरी को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की गीता कालोनी में आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर की जा रही है। इन बैठकों में पूर्व सांसद कृष्णा तीरथ,रमेश कुमार, डा0 उदित राज, कांग्रेस वर्किंग सदस्य एवं पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ, राजकुमार चौहान व पूर्व एमएलए सुरेन्द्र कुमार, चरण सिंह कंडेरा सहित अन्य नेता मौजूद थे।


हरियाणा सरकार
KalaSH कला एवं संस्कृति हरियाणा

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा
द्वारा
हरियाणा के सभी जिलों से
लोकनृत्य दलों
का
पंजीकरण



टीम लीडर तथा सह-कलाकारों हेतु हिदायतें

- कोरियोग्राफर / टीम लीडर के नृत्य विधा से सम्बंधित दस्तावेजों को लाना अनिवार्य है।
- कोरियोग्राफर की न्यूनतम आयु 35 वर्ष तथा सह-कलाकार की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।
- किसी एक दल में पंजीकृत सदस्य केवल अपने पंजीकृत दल में ही प्रस्तुति दे सकेगा, अन्यथा विभाग द्वारा उसके पूर्ण दल का पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा।
- सदस्य पर किसी भी प्रकार का पुलिस केस / कोर्ट केस नहीं होना चाहिए, अन्यथा उसका पंजीकरण रद्द करने के साथ-साथ विभाग द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम में प्रस्तुति का कार्य नहीं दिया जाएगा।
- सभी कलाकार पारम्परिक व साफ-सुथरी वेशभूषा में होने अनिवार्य हैं।
- दलों को अग्रिम व नकद राशि नहीं दी जाएगी। राशि की अदायगी कलाकार के व्यक्तिगत बैंक खाते में सीधे की जाएगी।
- मानदेय अदायगी हेतु बिल व सम्बंधित दस्तावेज टीम लीडर द्वारा सत्यापित होने चाहिए। बिलों में कटिंग व व्हाइटनर का प्रयोग नहीं होना चाहिए।

आवेदन की अन्तिम तिथि 29 फरवरी, 2024

◆ राज्य के पंजीकृत लोकनृत्य दलों को ही विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अनुबंधित किया जायेगा।

नोट:- पंजीकरण के लिए मूल दस्तावेज़ (आधार कार्ड, बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ, कैनसल्ड चैक, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो) तथा उनकी प्रतियां साथ लाना अनिवार्य है। एक कलाकार केवल एक ही दल में अपना पंजीकरण करवा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं. 6239573353 9728970819 या क्यू.आर. कोड स्कैन करें

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा
एस.सी.ओ. 29, पहली मंजिल, सैक्टर-7 सी, मध्य मार्ग, चंडीगढ़ | e-Mail : artandculturalaffairshry@gmail.com
सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

